तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जेवरा विद्यालय के 15 खिलाड़ियों ने सॉफ्टबॉल में जीते स्वर्ण ...



10 बस किराया वृद्धि वापस लेने की मांग, शिवसेना ने ...



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

खबर संक्षेप

एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी घोषित, आर्यन पुरैना बने नगर मंत्री



बेमेतरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बेमेतरा जिला की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संगठन को मजबूत बनाने और छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से बेमेतरा नगर इकाई और पीजी कॉलेज कैंपस इकाई में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी घोषणा के अवसर पर प्रांत सह छात्रा प्रमुख उर्वशी वर्मा और पूर्व नगर मंत्री वासु साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार, बेमेतरा नगर इकाई में आर्यन पुरैना को नगर मंत्री तथा किशन पांडे और संगीता साहू को नगर सह मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी तरह, पीजी कॉलेज कैंपस इकाई में ▶▶| शेष पेज 10 पर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में चमके मुड़पार के खिलाड़ी चिंताराम पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रामीण अंचल में संसाधनों की कमी भी प्रतिभा की राह नहीं रोक सकी। मुड़पार के हॉकी खिलाड़ी चिंताराम पटेल का चयन छत्तीसगढ़ हॉकी लीग (सीएचएल) की टीम राजधानी रॉयल्स में हुआ है। गांव के मिट्टी के मैदान पर अभ्यास कर इस मुकाम तक पहुंचे चिंताराम ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनके चयन से बारगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चिंताराम पटेल की सफलता के पीछे नियमित अभ्यास और संघर्ष की कहानी है। आधुनिक सुविधाओं और एस्ट्रो टर्फ मैदान के अभाव के बावजूद उन्होंने हॉकी के प्रति अपना जुनून कम नहीं होने दिया। वे प्रतिदिन साइकिल से तीन किलोमीटर दूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव से लगे खेल मैदान में अभ्यास करने पहुंचते हैं। चिंताराम पटेल इससे पहले भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्ष 2026 में बिलासपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, वर्ष 2025 में कोरबा में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा 69वें राष्ट्रीय शालेय खेलों में रांची, झारखंड में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। अब राजधानी रॉयल्स में चयन उनके खेल जीवन की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मुड़पार से साइकिल चलाकर बारगांव में करते हैं अभ्यास



किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं चिंताराम

चिंताराम के पिता देवसिंह पटेल कृषक हैं और माता गृहिणी हैं। पिता का सपना था कि बेटा हॉकी में आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए। चिंताराम की उपलब्धियों ने परिवार की उम्मीदों को नई उड़ान दी है। सीमित संसाधनों के बीच उनकी सफलता ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने चिंताराम के चयन को विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से सुविधाओं की कमी को पीछे छोड़कर सफलता हासिल की जा सकती है। संकुल समन्वयक सुरेन्द्र पटेल ने कहा कि राजधानी रॉयल्स में चिंताराम का चयन पूरे संकुल और ग्रामीण क्षेत्र के लिए गौरव की उपलब्धि है। वहीं, कोच तुलसी साहू ने उनकी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि चिंताराम लीग में भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। चिंताराम की उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, संकुल के शिक्षकों, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

तैयारी

नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक

शहर में 40 फीट के रावण का होगा दहन, आतिशबाजी रहेगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विजयादशमी पर्व पर बेमेतरा जिला मुख्यालय में इस बार 40 फीट ऊंचे भव्य रावण के दहन के साथ दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। रावण दहन के बाद आकर्षक आतिशबाजी भी होगी, जो उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

- पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से होगी निगरानी

इसी सिलसिले में रेस्ट हाउस में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन और आतिशबाजी के आयोजन को लेकर सहमति बनी। उत्सव के दौरान लोगों की भीड़ को व्यवस्थित रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया गया। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई।

बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देगा पर्व

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा विजयादशमी भारतीय संस्कृति में असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण दहन के माध्यम से अहंकार, अन्याय और बुराइयों के अंत का संदेश दिया जाता है। नगर पालिका, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के समन्वय से उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में काम किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपरा और उत्सवी माहौल के साथ नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि विजयादशमी का पर्व शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्वक मनाया जा सके।

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी और नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी दशहरा उत्सव को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपने सुझाव रखे। आयोजन की तैयारियों में सभी संबंधित विभागों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, सभापति पंचू साहू, गौरव साहू, निखिल साहू, रवि मुलानी, लक्की साहू, एल्डरमेन राकेश मोहन शर्मा और कमलेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से होगी निगरानी

दशहरा उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन के जरिए भी नजर रखकर भीड़ की स्थिति पर निगरानी करने की व्यवस्था बनाई जाएगी। आयोजन में पुलिस बल की तैनाती के साथ शांति एवं कानून- व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया है। भीड़ को नियंत्रित रखने और लोगों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। उत्सव में शामिल होने वाले नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए आयोजन से जुड़ी तैयारियों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई।

अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 6 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में रेत के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए छह हाइवा वाहनों को जब्त किया है। खनिज विभाग की टीम ने 14 एवं 15 अक्टूबर को ग्राम कठिया-राका और आसपास के क्षेत्रों में जांच के दौरान इन वाहनों को रेत का अवैध परिवहन करते पाया। जब्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित थानों की अभिरक्षा में रखा गया है।

- कठिया-राका क्षेत्र में 14 और 15 अक्टूबर को चला जांच अभियान, संबंधित वाहनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

खनिज शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जब्त किए गए छह हाइवा वाहनों के विरुद्ध अवैध उत्खनन एवं परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत प्रशमन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। प्रकरणों में निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए निगरानी और जांच की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खनिज नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

बैंक खाता बेचकर साइबर ठगी में सहयोग करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साइबर ठगी की रकम को बैंक खाते में प्राप्त करने और दूसरे लोगों तक पहुंचाने के मामले में देवरबीजा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देवरबीजा शाखा में संचालित एक बैंक खाते को महज एक हजार रुपए में दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया था। इसी खाते में हरियाणा के एक व्यक्ति से साइबर ठगी के 1.04 लाख रुपए जमा होने की जानकारी मिली। पुलिस ने खाते के मूल धारक और उसे दूसरे व्यक्ति को बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 16 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार, साइबर सेल की टीम ऑनलाइन माध्यम से लोगों से ठगी करने वालों और इस अपराध में सहयोग करने वाले व्यक्तियों पर नजर रख रही है।

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में हरियाणा के व्यक्ति से ठगी

इसी दौरान पुलिस चौकी देवरबीजा, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा को एक बैंक खाते के माध्यम से साइबर ठगी की रकम के लेन-देन की जानकारी मिली। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देवरबीजा शाखा से संबंधित खाते का विवरण प्राप्त कर जांच की गई। इसमें 25 अक्टूबर 2024 को यूपीआई के माध्यम से 1,04,000 रुपए जमा होना पाया गया। यह रकम हरियाणा के सिरसा जिले के थाना रनिया क्षेत्र के भरोलियांवाली निवासी तारसेम सिंह के साथ हुई साइबर ठगी से संबंधित बताई गई। बैंक खाते की जानकारी जुटाने पर उसका धारक संबलपुर निवासी महेश भारती (28 वर्ष), पिता हेमरू दास भारती, सामने आया।

पुलिस ने 16 अक्टूबर 2026 को उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि महेश ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देवरबीजा शाखा में संचालित अपना बैंक खाता गांव के ही नरसिंग मनहरे (25 वर्ष), पिता झगला मनहरे, को एक हजार रुपए नकद लेकर दे दिया था।

पुलिस के अनुसार, नरसिंग मनहरे ने पूछताछ में महेश भारती सहित अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों को दूसरे लोगों तक पहुंचाने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, ठगी से प्राप्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने दिया पूर्ण समर्थन, मांगों पर समाधान नहीं मिलने से आर-पार की लड़ाई का ऐलान

चौथे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे पटवारी, पीवी ऐप के बहिष्कार पर अडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पीवी ऐप की तकनीकी खामियों और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। हड़ताल के चौथे दिन शुक्रवार को भी जिले के पटवारी जय स्तंभ चौक स्थित धरना स्थल पर एकजुट होकर डटे रहे।

शासन-प्रशासन की ओर से मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस पहल नहीं होने से नाराज पटवारियों ने अंतिम निर्णय तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। इधर, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा ने धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों की मांगों को जायज बताते हुए लिखित समर्थन दिया है। राजस्व पटवारी संघ के अनुसार, हड़ताल के तीसरे दिन सचिव स्तर पर चर्चा के लिए पटवारियों को बुलाया गया था, लेकिन बातचीत में कार्य करने को लेकर स्पष्ट जवाब मिलने के बाद संघ ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। संघ का कहना है कि पुरानी लंबित मांगों के साथ वर्तमान में लागू पीवी ऐप की व्यावहारिक और तकनीकी समस्याओं का समाधान किए बिना फसल गिरदावरी का काम निर्धारित समय में पूरा करना मुश्किल है।

खेतों में जलभराव, फसल के बीच फोटो लेना चुनौती

पटवारियों ने पीवी ऐप से फसल गिरदावरी की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान में खेतों में फसल काफी ऊंची हो चुकी है और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति है। ऐसे में प्रत्येक खेत के चारों कोनों में जाकर फोटो लेना व्यावहारिक रूप से कठिन हो रहा है। संघ के मुताबिक, डीएससी डेटा के अलावा अनेक गांवों में हजारों खसरों की फसल गिरदावरी का काम अभी शेष है। कम समय और अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों के बीच ऐप के माध्यम से यह काम पूरा करना संभव नहीं है। संघ ने अचानक लागू की गई इस तकनीक को त्रुटिपूर्ण बताते हुए इसका विरोध किया है। पटवारियों का आरोप है कि तकनीकी समस्याओं के निराकरण के बिना ऐप से काम करने का दबाव बनाया जा रहा है ▶▶| शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप

एसएमएस-3 में बीओएफ सेफ्टी कैनोपी का निर्माण

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में एसआरयू/बीओएफ सेफ्टी कैनोपी का शुभारंभ हुआ। मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा थे। इस्पात निर्माण प्रक्रिया के दौरान लैडल फर्नेस के रूफ/हुड पर स्लैग एवं धातु के जमाव को ध्यान में रखते हुए रखरखाव एवं अन्य कार्यों के दौरान कर्मचारियों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता थी। इन संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए ऊपर से गिरने वाले भारी पदार्थों तथा गर्म पदार्थों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए आंतरिक संसाधनों एवं तकनीकी क्षमताओं के माध्यम से 'एसआरयू/बीओएफ सेफ्टी कैनोपी' का निर्माण किया गया है। इस कैनोपी कार्यस्थल पर कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के रूप में कार्य करती है तथा सुरक्षित कार्य वातावरण को और सुदृढ़ करने में सहायक है।

स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

भिलाई। सेल-बीएसपी द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत दुर्ग जिले के निकुम ब्लॉक के ग्राम खमारिया, समोदा, पीसेगांव एवं भरदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। ग्राम खमारिया शिविर में सीएसआर की ओर से औषधि विशेषज्ञ डॉ. श्रेयश श्रीवास्तव, नर्सिंग स्टाफ जान्हवी, रेणुका, पायल पवार और जिला चिकित्सालय के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ओमेश्वरी साहू ने पंजीयन में सहयोग दिया।

छात्रा के साथ छेड़खानी

भिलाई। स्कूल के डायरेक्टर द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार क्षेत्र की बताई गई हैी है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोप हैं कि फॉरवाल स्कूल डायरेक्टर का नाम राज गुप्ता बताया गया है। विरोध करने पर छात्रा के साथ गालीगलौज भी की गई। छात्रा के परिजन देर रात थाने पहुंचे, उन्होंने मामले की शिकायत की है। पुलिस ने राज को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ की जा रही है। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

जेब से 20 हजार और दस्तावेज चोरी, गिरफ्तार

भिलाई। शराब भट्ठी के पास भीड़ को देखकर रकम और दस्तावेज पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 शराब भट्ठी में हुई जेब से नगदी और दस्तावेज चोरी की शिकायत पुलिस में हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद दो युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर खुर्सीपार निवासी एस. मार्टिन, ए विकास अपना नाम बताया है। दोनों ने स्वीकार किया कि जेब से 20 हजार, दस्तावेज पार करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से हजार रुपए व दस्तावेज जब्त किए गए। पुलिस को दोनों के पास से साक्ष्यों के आधार पर 1,000 रुपए नगद, आधार कार्ड, पैन कार्ड बरामद किया गया। बिना नंबर की टीवीएस स्कूटी, मोबाइल फोन भी बरामद किया है। जिसकी कुल कीमत 51,400 रुपए आंकी गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सिविल अस्पताल सुपेला के 40 कर्मियों को छह महीने से नहीं मिला मानदेय

भिलाई। शासकीय सिविल अस्पताल सुपेला के जीवनदीप समिति कर्मियों को छह महीने से पूरा मानदेय नहीं मिला है। यहां 40 कर्मी कार्यरत है। इन कर्मियों को निर्धारित 10,600 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर मात्र 5,300 रुपए यानी आधा मानदेय दिया जा रहा है। शेष बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में शिकायत एवं तत्काल कार्यवाही हेतु प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. एके नागदेवे को ज्ञापन दिया। कर्मियों ने कहा है कि प्रत्येक कर्मचारी का 6 माह का कुल बकाया मानदेय 31,800 रुपए हो गया है। कआधा मानदेय दिए जाने का स्पष्ट कारण, संबंधित आदेश तथा भुगतान में कटौती के आधार की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। यदि इस संबंध में कोई आदेश पारित किया गया है, तो उसकी प्रति एवं वैधानिक आधार की जाँच किया जाना आवश्यक है।

बस किराया वृद्धि वापस लेने की मांग, शिवसेना ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में यात्री बसों के किराए में प्रति किलोमीटर 50 पैसे की बढ़ोतरी के फैसले के खिलाफ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र भेजकर किराया वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि महंगाई से पहले ही परेशान आम जनता पर परिवहन खर्च का अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है। सरकार को यात्रियों को राहत देने के लिए किराया वृद्धि वापस लेने के साथ बस संचालकों को कर में छूट और डीजल पर अनुदान देने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

प्रति किलोमीटर 50 पैसे की बढ़ोतरी पर जताया विरोध



बढ़ते खर्च से घरेलू बजट पर दबाव

बस किराए में बढ़ोतरी को लेकर यात्रियों की आर्थिक परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए चौहान ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों पर पहले ही अधिक खर्च करना पड़ रहा है। ऐसे में आवागमन महंगा होने से आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देना ही विकास और जनकल्याण की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिवसेना ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए किराया वृद्धि वापस लेने के लिए जल्द निर्णय लिया जाए।

दाऊ राम चौहान ने पत्र में कहा कि देश और प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रही है। ऐसे में बस किराए में बढ़ोतरी से नौकरी पेशा लोगों, विद्यार्थियों, छोटे कारोबारियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों के खर्च में इजाफा होगा। इसका सीधा असर आम परिवारों के मासिक बजट पर पड़ेगा। उन्होंने राज्य सरकार से जनहित को प्राथमिकता देते हुए किराया वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार करने और इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। शिवसेना प्रदेश महासचिव ने कहा कि बस संचालकों की लागत का दबाव कम करने के लिए यात्री बसों को टैक्स में छूट दी जाए और डीजल पर अनुदान प्रदान किया जाए।

आयोजन : डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में मनाया विश्व विद्यार्थी दिवस

डॉ. कलाम की जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक,



सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने डॉ. कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और डॉ. कलाम के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उनके भाषणों, चित्रों और निबंधों में डॉ. कलाम के विचारों, देशभक्ति और शिक्षा के प्रति समर्पण की झलक देखने को मिली।



वैज्ञानिक उपलब्धियों से दिलाई देश को पहचान: प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने डॉ. कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। भारत के अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमों में उनके योगदान के कारण उन्हें 'मिसाइल मैन' के नाम से पहचान मिली। उन्होंने भारत के स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 के विकास में परियोजना निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही, एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों के विकास में उनका अहम योगदान रहा। वर्ष 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षणों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कलाम के आदर्श अपनाकर हासिल कर सकते हैं लक्ष्य : जायसवाल

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम केवल महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि देश के प्रेरणादायी शिक्षक और युवाओं के मार्गदर्शक भी थे। बच्चों के प्रति उनके विशेष लगाव और सहज व्यक्तित्व ने उन्हें 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में लोकप्रिय बनाया। प्राचार्य जायसवाल ने कहा कि यदि विद्यार्थी डॉ. कलाम के जीवन से अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत और दृढ़ संकल्प जैसे गुण अपनाएं, तो वे जीवन में किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

मां सोनचिरैया की चुनरी यात्रा में शामिल हुए आशीष छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम पंचायत पाहंदा में मां सोनचिरैया की भव्य चुनरी यात्रा, झंडा चढ़ावा और आकर्षक झांकी रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने माता रानी के दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वे ग्राम भटगांव (सरदा) में आयोजित जगराता कार्यक्रम में भी शामिल हुए और माता रानी के समक्ष शीश नवाया। ग्राम पंचायत पाहंदा में मां सोनचिरैया के प्रति श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। झंडा चढ़ावा, चुनरी यात्रा और आकर्षक झांकियों ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की सहभागिता से धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश भी देखने को मिला। इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल के साथ सामाजिक जुड़ाव और सद्भाव को बढ़ावा मिला।

ये रहे उपस्थित: ग्राम पाहंदा में सरपंच कैलाश साहू, हरीश साहू, सुमित राजपूत, कुसुम, बंसीलाल निषाद, बलराम साहू, चंडी राम साहू, मनोज शर्मा, पुष्न साहू (पूर्व सरपंच), तोरण साहू, पीलू साहू, अरुण साहू, संजय साहू, मनहरण साहू, वासुदेव साहू, मनीष साहू, खेमराज साहू, चुरावन, ज्ञानचंद साहू, प्रवीणचंद साहू, मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लोककला से डिजिटल रचनात्मकता तक युवा उत्सव में हुनर दिखाएंगे जिले के युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए जिला स्तरीय युवा उत्सव में मंच मिलेगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी विधाओं में युवा अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस बार विकसित भारत चैलेंज ट्रैक और क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज भी आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान- प्रदान, पारस्परिक एकीकरण और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार, जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तथा संगतकारों की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में भाग ले सकेगा। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागियों और दलों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। निर्धारित विधाओं में राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

- विकसित भारत चैलेंज ट्रैक और क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज होंगे आकर्षण का केंद्र

निबंध से लेकर लोककला तक दिखेगा हुनर

युवा उत्सव में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें जनजातीय नेतृत्व, प्राकृतिक संसाधन और समावेशी विकास जैसे विषयों पर 500 शब्दों में निबंध लिखना होगा। लोकनृत्य और लोकगीत प्रतियोगिताओं में अधिकतम सात सदस्य तथा तीन अतिरिक्त संगतकार शामिल हो सकेंगे। इन विधाओं में टेप रिकॉर्डेड संगीत और फिल्मी गीत मान्य नहीं होंगे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को ए-3 आकार के पोस्टर पर चित्र बनाना होगा। कविता लेखन में हिंदी, अंग्रेजी अथवा क्षेत्रीय भाषा का विकल्प रहेगा। कविता में हिंसात्मक, आपराधिक, आपत्तिजनक या अनुचित सामग्री के साथ जाति, धर्म, नस्ल और रंग के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देने वाली सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी। नुक्कड़ नाटक में अधिकतम 10 सदस्य भाग ले सकेंगे। दल में महिला, पुरुष अथवा दोनों शामिल हो सकते हैं।

60 सेकंड की रील में देना होगा नशामुक्ति का संदेश

युवाओं की रचनात्मकता और सोशल मीडिया पर भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित छत्तीसगढ़' विषय पर अधिकतम 60 सेकंड की रील बनानी होगी। रील अपने व्यक्तिगत इंस्टाग्राम खाते से पोस्ट करनी होगी। साथ ही जिला कलेक्ट्रेट के आधिकारिक इंस्टाग्राम खाते को टैग करना और आयोजन के लिए निर्धारित हैशटैग का उपयोग करना अनिवार्य होगा। प्रतिभागियों को निर्धारित समय-सीमा में रील पोस्ट करने के बाद उसका लिंक और आवश्यक विवरण आयोजन समिति को उपलब्ध कराना होगा।

आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य पर शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक के साथ त्रैमासिक परीक्षा परिणामों पर चर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली दो मेधावी छात्राओं, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

- 12वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाली ओमनी वर्मा और मानसी साहू सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पंचू साहू थे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, डीआर साहू और शिक्षिका विद्यावती कोल्हे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे और शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह में वाणिज्य संकाय की छात्रा कुमारी ओमनी वर्मा को कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं, विज्ञान संकाय की छात्रा कुमारी मानसी साहू को प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मान मिला। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता और उपलब्धि हासिल करने के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार-2026 से सम्मानित संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी का भी शाला परिवार की ओर से सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक प्रमोद कुमार ठाकुर, रेमन कुमार सिन्हा, हिरेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र कुमार देवांगन, ज्योति परमार, सावित्री शर्मा, डीआर साहू, कौशल वर्मा और मांडवी साहू को सम्मानित किया गया। प्राचार्य कविता बाचपेयी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

पंचमी पर पांच गांवों की चुनरी यात्रा में शामिल हुए योगेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ग्राम हसदा, दारगांव, नेवनारा, ठेंगाभाट और खजरी में आयोजित चुनरी यात्राओं में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पांचों गांवों में चुनरी यात्रा के दौरान माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। चुनरी यात्राओं में शामिल होकर योगेश तिवारी ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति, साहस और धर्म की प्रतीक हैं।

- धूमधाम से आयोजित हुई चुनरी यात्रा

उनकी आराधना हमें कठिन परिस्थितियों का सामना करने, सत्य के मार्ग पर चलने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि का पर्व आत्मशुद्धि, सदाचार और सेवा भावना को अपनाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में धार्मिक पर्वों और परंपराओं का विशेष महत्व है। चुनरी यात्रा जैसे आयोजन आस्था को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। जब ग्रामीण एकजुट होकर माता रानी की आराधना करते हैं, तो समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। योगेश तिवारी ने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि क्षेत्र के सभी गांवों में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। किसानों को अच्छी पैदावार मिले तथा युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के जीवन में उन्नति के नए अवसर आएं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी की कृपा से हर परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहे तथा क्षेत्र में आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम रहे।

ये रहे शामिल

चुनरी यात्राओं में ग्रामीण जनपद सदस्य प्रतिनिधि पोषण सिन्हा, सरपंच लोकेश साहू, सरपंच बिट्टू साहू, नाथूराम साहू, गोविन्द साहू, डॉ. एनके तिवारी, उत्तम लहरें, नरेश राय, दाऊराम यादव, जयकिशोर वैष्णव, छोटू धीवर, चोवा साहू, गोल्टी निर्मलकर, केके कृष्णा साहू, हेमलाल साहू, जितेंद्र यादव, महेश ठाकुर, जीवन धीवर, छोटा साहू, राकेश पाल, मदन सिन्हा, संजू कोसले, नरोत्तम साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, रूपेश यादव, कमलनारायण साहू, सागर पाटिल, बॉबी पाटिल, गोविंदा निषाद, देवलाल सिन्हा, अशोक यादव, नितेश यादव, उदय वर्मा और विघ्नेश्वर बंजारे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष

बैंक खाता बेचकर ...

रकम को अपने बैंक खाते में जमा कराने और उसे छिपाने के प्रयास के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 317(5), 111 और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले में बैंक खाते के इस्तेमाल और अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में महेश भारती, निवासी वार्ड क्रमांक 3, संबलपुर तथा नरसिंग मनहरे, निवासी वार्ड क्रमांक 2, संबलपुर, थाना साजा, जिला बेमेतरा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

खेतों में जलभराव, फसल के ...

जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने पीवी ऐप का बहिष्कार करते हुए मांग की है कि फसल गिरदावरी पूर्व वर्षों की तरह ऑनलाइन भुइयां पोर्टल के माध्यम से कराई जाए। **फेडरेशन ने दिया लिखित समर्थन:** पटवारियों के आंदोलन को छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा का समर्थन मिलने से आंदोलन को मजबूती मिली है। फेडरेशन के महासचिव गैंदलाल खुटियारे और जिला उपसंयोजक एवं छत्तीसगढ़ तृतीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हितेंद्र कुमार सिन्हा ने धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों की मांगों का समर्थन किया। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि पटवारियों की मांगों को फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा तक पहुंचाया जाएगा।

एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी ...

मृत्युंजय शिवम को अध्यक्ष और मुकेश वर्मा को मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। नवीन पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की अपेक्षा जताई गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रहित, राष्ट्रहित और समाजहित से जुड़े विषयों पर कार्य करने वाला छात्र संगठन है। नवीन कार्यकारिणी के गठन से संगठन की स्थानीय गतिविधियों को विस्तार देने तथा विद्यार्थियों के बीच संपर्क बढ़ाने पर जोर रहेगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।



17 अक्टूबर

जीवेत शरदः शतम्

मान. विजय सिन्हा जी

अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद, बेमेतरा

को

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



आपके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं...



अभिषेक तिवारी

17 अक्टूबर



माननीय विजय सिन्हा जी

जीवेत् शरदः शतम्

अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद, बेमेतरा

को

जन्मदिन

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आपके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं...



आकिब मलकानी
पार्षद वार्ड नंबर 18

लक्की साहू
पार्षद वार्ड नंबर 21

निखिल साहू
पार्षद वार्ड नंबर 12



माँ कालिका के भक्त
नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता
भाजपा बेमेतरा

17 अक्टूबर

मा. श्री विजय सिन्हा

को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

HAPPY BIRTHDAY

हर्षवर्धन तिवारी
प्रदेश सह कोषाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.

राकेश शर्मा
एल्डरमैन
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

राजेश शर्मा
समाजसेवक बेमेतरा

गौरव साहू
सभापति
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

प्रज्ञा निर्वाणी
जिला अध्यक्ष
भाजपा महिला मार्चा, बेमेतरा (छ.ग.)



विनीत : समस्त कार्यकर्ता भाजपा महिला मोर्चा जिला बेमेतरा

खबर संक्षेप

म्यूल बैंक खाते खरीदने-बेचने वाले दो बंदी

भिलाई। म्यूल खाते को खरीदने बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन सट्टा के लेन-देन में खातों का उपयोग से करने वाले कृष्णा नगर, अंबेडकर चौक, सुपेला नीरज गायकवाड़, पुरानी बस्ती, सतनामी पारा, सुपेला अंशु साव को पकड़ा गया। मोबाइल 4, बैंक पासबुक, तीन एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। नीरज और अंशु को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जांच में नीरज गायकवाड़ ने अंशु साव से आंध्र ग्रामीण बैंक के चार खाते 88 हजार में खरीदकर सिकंदर नामक व्यक्ति को 1 लाख में बेचना स्वीकार किया। प्राप्त रकम को सिकंदर द्वारा बताए गए खाते में अंतरित करने की जानकारी दी। इसके एवज में प्रतिमाह 25 हजार मिले थे। जबकि अंशु ने करण सागरिया से आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक के चार म्यूल खाते 80 हजार में खरीदकर नीरज को 88 हजार में बेचना बताया है।

बैंक खातों के दुरुपयोग के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। म्यूल खाता मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी तरुण कुमार, शंकर नगर मोहन नगर गौरव साहू , शिवाजी नगर खुर्सीपार जसमीत सिंह, एसटीएफ कॉलोनी बघेरा निखिल नेम , मछली मार्केट खुर्सीपार नरगिस बानो को पकड़ा गया है। इंडियन बैंक के 81 खातों के दुरुपयोग से जुड़े प्रकरण में गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल से जानकारी के आधार पर अपरादर्ज किया गया था। बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी की रकम मिलने पर कमीशन के बदले ट्रांसफर करने की गतिविधि में शामिल लोगो की जानकारी जुटाई गई। विवेचना के दौरान सामने आया कि कुछ खाताधारक अपने बैंक खातों को साइबर ठगी में शामिल व्यक्तियों को उपलब्ध कराते थे।

बेसहारा बच्चों और युवाओं को नशे से बचाने तीन विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण, बेसहारा बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और बच्चों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा 14 से 17 अक्टूबर तक तीन विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा), बिलासपुर के निर्देशन में आयोजित इन अभियानों के तहत जरूरतमंदों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सरोज नंद दास के मार्गदर्शन और प्राधिकरण की सचिव स्वर्णलता ओम यादव के दिशानिर्देश पर करुणा, प्रयास और डॉन अभियान संचालित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है।

डॉन अभियान : नशे के दुष्प्रभावों के प्रति करेंगे जागरूक: नालसा की नई योजना के तहत संचालित डॉन अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाना तथा उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

आज चलेगा जागरूकता अभियान

प्रयास अभियान : बेसहारा बच्चों की पहचान और पुनर्वास

प्रयास अभियान के तहत बेसहारा, सड़क पर रहने वाले और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। इस अभियान में समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस विभाग के समन्वय से बच्चों को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।



चौक-चौराहों और दुर्गा पंडालों में जागरूकता शिविर

अभियानों के तहत जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर्स (पीएलवी) द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। सिग्नल चौक, बस स्टैंड, चौपाटी, मंदिरों और दुर्गा पंडालों सहित अन्य स्थानों पर लोगों को कानूनी अधिकारों, उपलब्ध सहायता और संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इन अभियानों के जरिए जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों तक सहायता पहुंचाने के साथ समाज में नशामुक्ति और कानूनी जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

दुर्ग संभाग का शानदार प्रदर्शन, बालक और बालिका दोनों वर्गों में हासिल किया खिताब

जेवरा विद्यालय के 15 खिलाड़ियों ने सॉफ्टबॉल में जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कबीरधाम में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के जेवरा विद्यालय के खिलाड़ियों ने सॉफ्टबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। 13 से 16 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम में शामिल जिले के 15 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने 19 वर्ष आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालक और बालिका दोनों वर्गों में दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के मुकाबले कबीरधाम के क्षीरपानी मैदान और स्टेडियम में खेले गए। इसमें प्रदेश के पांच संभागों की टीमों ने हिस्सा लिया। दुर्ग संभाग की टीम में शामिल बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने रायपुर, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग की टीमों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालक वर्ग की टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही, जबकि बालिका वर्ग ने



फाइनल मुकाबले में रायपुर संभाग को 4-3 रन के अंतर से हराकर खिताब जीता। 19 वर्ष आयु वर्ग बालक टीम में जेवरा विद्यालय के संदीप पटेल, लक्ष्य कांठले, मयंक निषाद, देव पाटिल, शिकेश साहू और नीरज ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा, बस्तर, रायपुर और बिलासपुर संभाग की टीमों को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

बालिका टीम ने फाइनल में रायपुर को हरायाः बालिका वर्ग में जेवरा विद्यालय की सरिता सिंह, पल्लवी साहू, सुकृति निषाद, खुशबू साहू, तनु यादव, मानसी और धनेश्वरी ने शानदार खेल दिखाया। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया की सोनाली साहू ने भी टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाइनल मुकाबले में दुर्ग संभाग की टीम ने रायपुर को 4-3 रन से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

पिछले वर्ष भी रहा था शानदार प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि 19 वर्ष आयु वर्ग में दुर्ग संभाग की टीम ने पिछले वर्ष रायगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन किया था। उस दौरान बालक वर्ग ने स्वर्ण और बालिका वर्ग ने रजत पदक हासिल किया था। दुर्ग संभाग की सॉफ्टबॉल टीम के प्रशिक्षक जेवरा विद्यालय के व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा थे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. जायसवाल, जेवरा विद्यालय के प्राचार्य विनोद चौहान, सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंह, प्रबल सिंह ठाकुर, व्याख्याता सोमेश्वर देवांगन, नीता साहू, पुष्कर भोंसले, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, पद्मजा सिंह, मंजूषा सिंह, रौशनी गुप्ता, कविता शर्मा तथा सहायक कोच प्रिंस सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

अवैध सट्टा गतिविधियों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

जिले में अवैध सट्टा गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और दाढ़ी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम नवागांवकला में एक व्यक्ति को मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा लिखते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3,120 रुपए नकद और दो टच स्क्रीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत 13,120 रुपए आंकी गई है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 को थाना दाढ़ी के स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नवागांवकला में निषाद के घर के सामने सार्वजनिक स्थान पर एक व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा लिख रहा है। सूचना के आधार पर साइबर सेल और दाढ़ी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। इस दौरान एक व्यक्ति को मोबाइल के जरिए सट्टा लिखते पकड़ा गया। पूछताछ और

■ दाढ़ी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई



कार्रवाई के दौरान आरोपी की पहचान उत्तम पटेल (40), पिता रामसिंह पटेल, निवासी नवागांवकला, थाना दाढ़ी। पुलिस ने उसके कब्जे से 3,120 रुपए नकद और करीब 10 हजार कीमत के दो टच स्क्रीन मोबाइल फोन जब्त किए। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध सट्टा का प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना दाढ़ी प्रभारी प्रशिक्षु उप निरीक्षक सूरज प्रकाश, सहायक उप निरीक्षक रामकुमार दिवाकर सहित साइबर सेल और थाना दाढ़ी पुलिस की टीम शामिल रही।



वीरगाथा 6.0 : चित्रों और निबंधों में उकेरा वीर शहीदों का शौर्य

बेमेतरा। विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने और वीर शहीदों के साहस, त्याग एवं बलिदान से परिचित कराने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में वीरगाथा 6.0 के तहत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रों और निबंधों के माध्यम से देश के वीर जवानों के शौर्य, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों के चित्र बनाए। वहीं, उनके जीवन, वीरता, संघर्ष और देशसेवा पर आधारित निबंध लिखकर अपनी लेखन एवं कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सरस्वती साहू ने विद्यार्थियों को वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, साहस और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, शशिकला यादव, किरण खरे, धनीराम बंजारे, पूनम साहू सहित डाइट एवं समाधान महाविद्यालय से आए छात्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की सहभागिता और रचनात्मक प्रयासों की सराहना की।

■ विद्यार्थियों ने देशभक्ति और रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन



कहानी उत्सव से बदली बच्चों की सीखने की तस्वीर शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कक्षा में कहानी सुनाने की पहल बच्चों के लिए सीखने का रोचक माध्यम बन रही है। कहानी उत्सव के जरिए विद्यार्थियों में पठन-लेखन के प्रति रुचि बढ़ाने, अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) की दक्षताओं को मजबूत करने के अनुभव सामने आए हैं। इसी दिशा में विकासखंड स्रोत केंद्र (बीआरसी), समग्र शिक्षा बेमेतरा में एक दिवसीय शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में कहानी उत्सव के दौरान किए गए प्रयोगों और बच्चों में दिखाई दिए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। सत्र 2025-26 में वर्षभर आयोजित कहानी उत्सव के अंतर्गत बीआरसीसी की ओर से 23 कहानियां साझा की गईं, जिनमें 149 शिक्षकों ने सहभागिता की। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए संगोष्ठी आयोजित की गई, ताकि शिक्षक अपने अनुभवों के आधार पर प्रभावी शिक्षण विधियों को समझ सकें और उन्हें कक्षा शिक्षण में अपना सकें। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, डीएमसी नकुल प्रसाद पनागर, जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश शर्मा और बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। इस दौरान पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने विद्यालयों में कहानी उत्सव के माध्यम से किए गए कार्यों और बच्चों में आए बदलावों पर प्रस्तुतियां दीं।

■ 23 कहानियों के जरिए 149 शिक्षकों ने निभाई सहभागिता

■ पठन-लेखन और अभिव्यक्ति कौशल में सुधार पर जोर

प्राथमिक शाला मटका की मेला साहू, प्राथमिक शाला खुड़मुड़ी की अरुणिता रामटेक, प्राथमिक शाला हथमुड़ी की रेखा रजक, प्राथमिक शाला बीजाभाट की उमा भारती साहू और प्राथमिक शाला गोरखपुर के हरप्रसाद राठौर ने अपने अनुभव साझा किए। शिक्षकों ने बताया कि कहानियों के माध्यम से पढ़ाई कराने से बच्चों में पठन-लेखन के प्रति रुचि बढ़ाने, अपनी बात व्यक्त करने और सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के अवसर मिले। कहानी आधारित गतिविधियों ने कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक बनाने में भी मदद की।

हर विद्यालय में अपनाई जाए कहानी आधारित शिक्षण विधि : डीईओ

समापन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक संचालक एसपी कोसले, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू और विकासखंड स्रोत समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कहानी बच्चों में पठन-लेखन के प्रति रुचि विकसित करने और उनके अभिव्यक्ति कौशल को बेहतर बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रशंसनीय प्रयास बताया और सभी शिक्षकों से प्रत्येक विद्यालय में कहानी आधारित शिक्षण विधि अपनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में विकासखंड के 45 शिक्षकों और पांच संकुल समन्वयकों ने सहभागिता की।



